## खबर संक्षेप

### वार्ड 24 में नेशनल बायपास गिरगिटा रोड की घटिया मरम्मत पर उठे सवाल, एसडीएम से की गई शिकायत

**मैहर।** नगर के वार्ड 24 में स्थित नेशनल हाइवे के बायपास से गिरगिटा रोड इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत इस मार्ग का मेंटेनेंस कार्य कुछ समय पहले ही पूरा किया गया था,लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य इतना कमजोर रहा कि सड़क कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी। इससे न सिर्फ आमजन को परेशानी हो रही है बल्कि शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंबे समय से इस मार्ग की मरम्मत की मांग की जारही थी,परंतु जब कार्य शुरू हुआ तो उम्मीद थी कि अब समस्या स्थायी रूप से हल होगी। लेकिन निर्माण कार्य पूरा होते ही सड़क जगह-जगह से टूटने लगी,गड्ढे बन गए और धूल-मिट्टी की समस्या भी बढ़ गई। लोगों ने आशंका जताई कि मेंटेनेंस में निम्न स्तरीय सामग्री का उपयोग किया गया,जिससे सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हुई। इसी मामले को लेकर स्थानीय लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम मैहर को लिखित शिकायत सौंपकर जांच की मांग की। शिकायत कर्ताओं ने कहा कि यदि निर्माण कार्य में अनियमितताओं की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।एसडीएम मैहर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कराई जाएगी और यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या भ्रष्टाचार पाया गया तो संबंधित विभाग और ठेकेदार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि यह मार्ग वार्ड 24 के साथ-साथ आस-पास के कई गांवों को जोड़ता है,जिससे आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा और सुविधा पर सीधा प्रभाव पड़ता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन की जांच कब शुरू होती है और क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या फिर मामला सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएगा।

### अमरपाटन अस्पताल का हाल बेहाल, मरीजों को करना पड़ता है सामना

**मैहर।**अमरपाटन में इस समय जैसे जैसे ठण्ड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है अस्पताल में मरीजों के आने की संख्या में बढोत्तरी होती जा रही है मगर यहांपर डॉक्टर एवं कर्मचारियों की मनमानी के कारण आने वाले मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिससे चलते लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बताया जा रहा कि अमरपाटन अस्पताल का मेन गेट हमेशा बंद रहता है जिसके कारण मरीजों एवं परिजनों को अन्य रास्तों से अस्पताल के अंदर जाना पड़ता है। यहां पर आने वाले मरीजों को डॉक्टर कभी अपने चेंबर में बैठे नहीं मिलते है जिससे मरीजों को इंतजार करना पड़ता है या फिर झोला छाप डॉक्टरों की शरण में जाकर जान माल की नुकसानी उठानी पड़ती है।



# कार्यकर्ता चौबीस कैरेट का सोना और सरकार रूपी वाहन का चालक : मोहन यादव

## बीजेपी कार्यकर्ताओं का 'महा-सम्मान': सीएम मोहन यादव ने दिग्गजों को नीचे बैठाकर मंडल अध्यक्षों को मंच पर दिया उच्च स्थान!



**सतना।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बिहार चुनाव में मिली शानदार जीत के लिए भी बधाई दी है। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को चौबीस कैरेट का सोना और सरकार रूपी वाहन का चालक बताया,सीएम मुख्यमंत्री बुधवार को यहां नागौद में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने प्रदेश से 'लाल सलाम' की समाप्ति का संकल्प दोहराया। सीएम ने कांग्रेस शासनकाल और वर्तमान में प्रति व्यक्ति आय के आँकड़ों का तुलनात्मक जिक्र किया और चित्रकूट में भव्य 'भगवान राम लोक' के विकास का संकल्प दोहराया। उन्होंने बालाघाटमें शहीद जवान को नमन किया और कहा कि शाहिद के परिवार को 1 करोड़ रुपए और नौकरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बालाघाट में शहीद हुए जवान को नमन करते हुए कहा कि सरकार शहीद परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। शहीद जवान के छोटे भाई को सरकारी नौकरी दी जाएगी।



### कार्यकर्ताओं को मंच पर बैठाया

इस दौरान कार्यकर्ताओं को उच्च स्थान दिया गया। दिग्गज नीचे,मंडल अध्यक्ष मंच पर नजर आए। मंच परः स्वयं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव,मंत्री,जिला अध्यक्ष के साथ-साथ सभी मंडल अध्यक्षों को समान गरिमा के साथ स्थान दिया गया। इसके विपरीत,पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद विष्णुदत्त शर्मा,पूर्व मंत्री एवं विधायक नागेंद्र सिंह,विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,विधायक विक्रम सिंह और महापौर योगेश ताम्रकार जैसे तमाम दिग्गज जनप्रतिनिधि बड़ी सरलता और सहजता से मंच के ठीक सामने नीचे दर्शक दीर्घा में बैठे दिखाई दिए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्वयं इस पहल की जमकर प्रशंसा की और इसे भाजपा संगठन की अनुकरणीय और प्रेरक पहल बताया। उन्होंने पूरे प्रदेश में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही और कहा,यह भाजपा में ही संभव है...

# किराना व्यवसायी पर कातिलाना हमला!

## कार चढ़ाकर कुचलने का प्रयास, सीसीटीवी फुटेज आया सामने



**सतना।** मंगलवार देर रात लालता चौक के पास मेघदूत होटल के सामने एक सनसनीखेज वारदात हुई,जहाँ एक किराना व्यवसायी पर कार चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। पुरानी रंजिश के चलते आरोपी युवक ने व्यवसायी को कार से टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। घायल व्यवसायी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया,जहाँ उसका इलाज जारी है।सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना कैद होने के बाद मामला बुधवार दोपहर को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार,आदर्श नगर निवासी 32 वर्षीय विक्की सिंह अपनी दुकान बंद कर मेघदूत होटल खाना खाने पहुँचे थे। वहाँ उनकी किसी बात को लेकर अतीक उर्फ बूचा से बहस हो गई। बहस के बाद आरोपी चला गया,लेकिन कुछ देर बाद कार लेकर लौटा और होटल से बाहर निकले विक्की पर तेज रफ्तार से कार चढ़ा दी,जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस का कहना है कि विक्की और बूचा के बीच पुरानी मनमुटाव चल रहा था और उसी रंजिश के चलते यह हमला किया गया। पुलिस आरोपी अतीक उर्फ बूचा की तलाश में जुटी है और घटना स्थल के आसपास के अन्य सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# मौत का करंट!

## लापरवाही ने ली युवा जान

### सड़क निर्माण के दौरान बिजली के तारों की चपेट में आया मजदूर, ठेकेदार पर उठे सवाल

**सतना।** रामनगर थाना क्षेत्र के चिरहाई गाँव में देर रात सड़क निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक युवक डामर लेकर पहुँचे ट्रक में बैठा था और उसे सड़क के ऊपर झूल रहे बिजली के तारों को हटाने का काम दिया गया था। जैसे ही युवक ने तार हटाने का प्रयास किया,वह अचानक करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक,यह कार्य ठेकेदार शिब्बू सिंह द्वारा कराया जा रहा था। इस घटना ने सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार की घोर लापरवाही को उजागर कर दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

# नागौद में सीएम के स्वागत सूची पर सियासी बवाल!

## जिलाध्यक्ष से नाराज विधायक नागेंद्र सिंह हेलीपैड से लौटे वापस



**सतना।** नागौद में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के हेलीपैड पर स्वागत करने वालों की सूची को लेकर नागौद विधायक नागेंद्र सिंह ने पार्टी के प्रति गहरा असंतोष व्यक्त किया है। विधायक नागेंद्र सिंह ने जिलाध्यक्ष द्वारा दी गई नामों की सूची पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इसमें नागौद के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को स्वागत का अवसर नहीं दिया गया,जबकि दूसरे स्थानों के लोगों के नाम शामिल किए गए। विरोध में,विधायक नागेंद्र सिंह हेलीपैड से ही वापस लौट आए और कार्यक्रम स्थल पर नहीं गए। जानकारी के अनुसार,भाजपा में यह परंपरा रही है कि कार्यक्रम आयोजित या क्षेत्रीय विधायक से चर्चा के बादही स्वागत करने वालों की सूची जिलाध्यक्ष को बनानी चाहिए और सभी सांसद,विधायक ,पूर्व विधायक,पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों को सम्मान सहित आमंत्रण देना चाहिए,लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। इस वजह से कई वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल ही नहीं हुए और श्री सिंह मंच पर भी नहीं गए।

# मझगवां में 'आप' की रैली, पंचायत चौकीदारों को समर्थन




**सतना।** मझगवां में आम आदमी पार्टी का मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान कार्यक्रम चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के मझगवां बस स्टैंड पर उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। जनसभा में संगठन निर्माण,क्षेत्रीय समस्याओं और बदलाव की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश संगठन निर्माण कोर कमेटी के संयोजक अमर कछवाहा ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया,कहा कि हर गांव और वार्ड में सक्रिय टीम ही आगामी संघर्ष की मूल शक्ति होगी। जिलाध्यक्ष डॉ.अमित सिंह समेत अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने भी जन हित के मुद्दों पर अपनी बात रखी। जन सभा के बाद,आप कार्यकर्ताओं ने पंचायत चौकीदार संघ के समर्थन में एक प्रभावशाली रैली निकाली। रैली में चौकीदार, चपरासी,सफाईकर्मी और पंप ऑपरेटर जैसे पंचायत कर्मचारियों की न्यूनतम वेतन और सेवा सुरक्षा की मांग को मजबूती से उठाया गया। रैली जनपद पंचायत कार्यालय पहुंची,जहाँ एसडीम महिपाल सिंह गुर्जर को मांगों से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। रैली के दौरान,आप और पंचायत चौकीदार संघ ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,और न्यूनतम वेतन व सेवा सुरक्षा उनके मूल अधिकार हैं।

# बिरसिंहपुर-सेमरिया मार्ग पर कार ने बाइक को रौंदा; दो गंभीर रूप से घायल, कार सड़क से उतरी



**सतना। जिले के बिरसिंहपुर सेमरिया मार्ग पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया,जिसमें बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार,एक तेज रफ्तार पंच कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से जखमी हो गए।**

टक्कर के बाद कार सड़क से नीचे उतर गई। बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कार सवार चालक को भी मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही सभापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने घटना का संज्ञान ले लिया है और मामले की आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



# किशोरी से रेप-हत्याः दोषी को आजीवन कारावास

## कोर्ट ने सबूत मिटाने पर 25 हजार का जुर्माना लगाया



**सतना।** नागौद की प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने एक किशोरी से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश उमेश कुमार शर्मा की अदालत ने आरोपी राजा उर्फ अतुल अहिरवार निवासी हरकुटा-टीकर,सिंहपुर पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक भीष्म प्रताप सिंह ने पैरवी की। यह मामला 1 मार्च 2022 का है,जब दो नाबालिग बहनें पटपरनाथ मेला देखने गई थीं। रात करीब 8 बजे छोटी बहन घर लौटी और बताया कि बड़ी बहन ने उसे बस से भेज दिया था।बड़ी बहन के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। अगले दिन ग्रामीणों ने एक शव पड़े होने की सूचना दी। सिंहपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया और परिजनों से शव की शिनाख्त कराई। शव किशोरी का पाए जाने और प्रथम दृष्टया दुष्कर्म का मामला होने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म), 201 (सबूत मिटाना) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक और वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कर आरोपी को गिरफ्तार किया और मामला अदालत में पेश किया। इस मामले में कोई चश्मदीद गवाह नहीं था। विशेष लोक अभियोजक भीष्म प्रताप सिंह ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों,वैज्ञानिक और इलेक्ट्रॉनिक सबूतों की कड़ियों को जोड़कर आरोपीके खिलाफ अपराध प्रमाणित किया। अदालत ने प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर नाबालिग से दुष्कर्म,हत्या और सबूत मिटाने का अपराध सिद्ध पाए जाने पर यह सजा सुनाई।

# ब्यूटी पार्लर का अनुभवी टीम ने दिया प्रशिक्षण



**सतना।** शासकीय महाविद्यालय में नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परियोजना कार्य के अन्तर्गत कैरियर मार्गदर्शन योजना के प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के लिए ब्यूटी पार्लर के रोजगार का अनुभवी प्रशिक्षण विशेषज्ञ टीम द्वारा दिया गया। इस अवसर पर छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अनुराग वर्धन पाण्डेय ने कहा की स्वरोजगार किसी भी अधीनस्थ शासकीय/अशासकीय सेवा से अधिक उपयुक्त है इस अवसर पर उन्होंने सीखो कमाओ योजना और स्वयं पोर्टल की भी चर्चा की प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रियम द्विवेदी ने किया ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण टीम में पुराना ब्लाक आफिस के पास मेकओवर ब्यूटी पार्लर की श्रीमती अनीता ताम्रकार श्रवी ताम्रकार वैष्णवी ताम्रकार ने सिद्धांतिक कक्षा में सौंदर्य उद्योग के विभिन्न आयामों और उपागमो पर विस्तार से प्रकाश डालते उपस्थितजनों द्वारा इस विषय मे पूंछे गए हर सवालों का सकारात्मक जवाब देने से मौजूद जनों के बीच हो रहे एक दिवसीय प्रशिक्षण को और रोमांचक बना दिया इस दरमियान मॉडल के रूप में कुमारी मुस्कान पर करके छात्राओं को प्रशिक्षित किया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय की महिला प्राध्यापक गण शीलू तिवारी,डॉ नीलम मिश्रा,डॉ दीपा सिंह,डॉ रीता तिवारी,डॉ रेनू शुक्ला, नीतू जायसवाल ने सक्रिय सहभागिता निभाई प्राध्यापक डॉ सतीश गौतम,डॉ दिनेश पाण्डेय,सुजीत पटेल,दिलीप वर्मा का विशेष सहयोग रहा ।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### विद्युत चोरी रोकने के लिए गुनौर वितरण केंद्र में की गई मास चेकिंग



गुनौर। अधीक्षण अभियंता प्रमोद कुमार गेडाम एवं कार्यपालन अभियंता अमितेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में वितरण केंद्र गुनौर में विद्युत चोरी रोकने हेतु तीन नंबर टीम गठित कर मास चेकिंग की गई। जिसके तहत गुनौर शहर के जैन मोहल्ला, किसान टोला, ढीमर मोहल्ला, हरद्वाही मोड़, रिछौड़ा रोड ,बेला ताल और ककरहटी टाउन में विभागीय टीम ने छापामारी की इसके अलावा ककरहटा ,पडेरी ,छिगम्मा, उड़की जैसे ग्रामीण इलाकों में भी चेकिंग की गई। जांच के दौरान कई उपभोक्ता लीड काटकर सीधे लाइन से कटिया फंसा कर और मीटर बाईपास करके अवैध रूप से उपयोग करते हुए पकड़े गए। विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 के तहत कुल 42 नंबर प्रकरण पंजीबद्ध किए कई जगह अवैध तार जप्त किए और जहां अवैध रूप से कृषि मोटर चलती मिली उन्हें भी जप्त किया गया। साथ ही बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन भीं काटे गए।

### शिक्षक राजेश कुमार लोधी को मातृशोक



पन्ना। अजयगढ़ क्षेत्र के मगरदहा निवासी शिक्षक राजेश कुमार लोधी जी की पूज्यमाता जी श्रीमती छोटी बाई लोधी जी पत्नी श्री शंकर लाल लोधी मगरदहा निवासी का बीती रात मेडिकल कॉलेज रीवा में स्वार्गवास हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार दिनांक 19/11/2025 को शाम 5 बजे निज निवास मगरदहा अजयगढ़ मैं किया गया है। राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा पन्ना एवं लक्ष्य षिक्षा राहत कोष के जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र कुमार लोधी ने ईश्वर से प्रार्थना करता हू कि ईश्वर परिवार को इस भयानक दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें एवं आत्मा को अपने श्रीचरणों मैं स्थान प्रदान करें।

### पालीटेक्निक महाविद्यालय मे विधिक साक्षरता शिविर आयोजन

पवई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना के निर्देशन में अध्यक्ष तहसील सेवा प्राधिकरण जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय सोम पांडेय की उपस्थित में मंगलवार 18 नवम्बर को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित महाविद्यालय के छात्र छात्राओ को विधि द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता तथा अधिकारों के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा आगामी दिसम्बर माह को लगने वाली लोक अदालत के संबंध मे बताया कि इसमे आपसी सहमति के आधार छोटे छोटे झगड़े, विद्युत बिल, बैंक प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।

# शाहनगर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भव्य स्वागतः 82 करोड़ की सौगात की घोषणा





शाहनगर। शाहनगर में बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन पर पूरे क्षेत्र में उत्साह देखने को मिला। जैसे ही मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर शाहनगर की धरती पर उतरा, जनता ने जोरदार नारों और अहीर लोकनृत्य की प्रस्तुति के साथ उनका स्वागत किया। मंच पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने फूल-मालाओं से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया, वहीं स्वागत मंच के ठीक सामने सजाई गई रंगोलियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान शहर की सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों की इतनी संख्या एक साथ जमा हो गई कि कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन गई। यातायात कई घंटों तक बाधित रहा और सड़कों पर खड़े होने भर की जगह नहीं बची। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाहनगर क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 82 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं की घोषणा की। इसमें अस्पताल, सिंचाई परियोजनाएँ, नहरों का पुनरुत्थान और शाहनगर को नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा शामिल है। कार्यक्रम में खजुराहो सांसद बी. डी. शर्मा, पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा, त्यौंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी, विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, कटनी विधायक संदीप जायसवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया और पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी सहित कई अन्य विधायक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री ने की आदर्श ग्राम पंचायत शाहनगर को नगर पंचायत बनाने की घोषणा-ग्राम पंचायत वासियों को दिखी खुशी की लहर**

शाहनगर में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आदर्श ग्राम पंचायत शाहनगर को नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा की। जैसे ही मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की, पूरे पंडाल में बैठे लोगों ने दोनों हाथ उठाकर उनका स्वागत किया। तालियों की गड़गड़ाहट से सभा स्थल गूंज उठा और नगरवासियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री मंच से वापस जाने ही वाले थे कि तभी खजुराहो सांसद बी. डी. शर्मा ने खड़े होकर शाहनगर को नगर पंचायत बनाने की घोषणा करने का आग्रह किया। सांसद के अनुरोध पर जाते-जाते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्काल घोषणा कर दी। इस घोषणा के साथ ही शाहनगर के विकास की संभावनाएँ और अधिक मजबूत हो गई हैं। स्थानीय नागरिकों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा

# मध्य प्रदेश आशा कार्यकर्ता सहयोगिनी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



पन्ना। मध्य प्रदेश आशा सहयोगिनी संगठन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है तथा 5 माह से प्रोत्साहन राशि न मिलने को लेकर भारी आक्रोश से लगातार ज्ञापन पत्र देने के बावजूद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ जिसको लेकर संगठन द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय में आंदोलन किया तथा ज्ञापन दिया उक्त मामले को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संगठन के सभी सदस्यों एवं आशा कार्यकर्ताओं को 25 नवंबर तक प्रोत्साहन राशि दिलाए जाने का आश्वासन दिया है जिससे फिलहाल उक्त आशा एवं सहयोगिनियों द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की बात को मानते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया है।

ज्ञापन में अनेक बिंदुओं का उल्लेख किया गया है आशा कार्यकर्ताओं को प्राप्तहोने वाली प्रोत्साहन राशि का पूरा भुगतान किया जाए जिला स्तर पर एवं सीएससी पीएससी स्तर पर ठहरने के लिए के लिए कक्ष की व्यवस्था कराई जाए आशा कार्यकर्ताओं से विभाग के अलावा अन्य कार्य नहीं कराया जाए अजयगढ़ ब्लॉक में आशा कार्यकर्ताओं की आयुष्मान आईडी बनवाई जाए अजयगढ़ ब्लॉक में बीसीएम द्वारा काटी गई राशि तत्काल भुगतान कराई जाए इस प्रकार अनेक मांगों का उल्लेख ज्ञापन में किया गया है ज्ञापन देने वाले मुख्य रूप से कौशल्या पटेल केश कली पटेल बबली यादव रुक्मणी प्रजापति पूनम सिंह राम बाई शैलेंद्र यादव सुमित्रा पटेल शीला देवी पूनम सिंह अनिल राजपूत लक्ष्मी दहायत माधुरी उर्मिला पाल राधा सेन गुलाब्बई अहिरवार रीना विश्वास आरती जैन देवी मंडल शीला देवी कुशवाहा मुन्नी चौबे आसमा तिवारी रजनी तिवारी उर्मिला पाल उषा सेन अभिलाषा राजपूत आदि।

# पत्नी ने रक्तदान कर पति को दिया नया जीवन दानः कैंसर पीड़ित मरीज को रोहित गुप्ता ने 40वीं बार रक्तदान किया





पन्ना। जिले में दो अलग-अलग मामलों में मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश की गई है, जहाँ एक पत्नी ने अपने पति की जान बचाने के लिए पहली बार रक्तदान किया, वहीं एक समाजसेवी ने 40वीं बार रक्तदान कर कैंसर पीड़ति मरीज की मदद की। दोनों मामलों में समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी के प्रयासों से मरीजों को समय पर खून मिल सका।

### पत्नी ने दिखाई हिम्मत, पति को मिला नया जीवन-

अजयगढ़ कस्बा माधवगंज निवासी 39 वर्षीय पंकज मिश्रा को ओ-निगेटिव खून की तत्काल आवश्यकता थी। जिला अस्पताल में जांच के दौरान उनका हीमोग्लोबिन मात्र 4 पॉइंट पाया गया, जो कि गंभीर स्थिति थी। उनके साथ आईं पत्नी संगीता मिश्रा ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपना एक यूनिट खून दान करने का फैसला किया। ब्लड बैंक पन्ना में ओ-निगेटिव खून उपलब्ध था, जिसके बाद संगीता ने स्वेच्छा से रक्तदान कर अपने पति को तत्काल जीवनदान दिया। संगीता मिश्रा ने बताया कि आज पहली बार खून दान कर उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।

**रोहित गुप्ता ने 40वीं बार किया रक्तदान-**

इसी क्रम में, इटवाखास निवासी बद्री प्रसाद बाजपेई कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और उन्हें खून की सख्त जरूरत थी। उनके परिवार के सदस्य पहले ही रक्तदान कर चुके थे और घर में कोई अन्य डोनर उपलब्ध नहीं था। समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी ने इसकी जानकारी गीता प्रेस बुक दुकान संचालक रोहित गुप्ता को दी। रोहित गुप्ता ने सूचना मिलते ही बिना विलंब किए जिला अस्पताल पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। यह उनके जीवन का लगभग 40वां रक्तदान था। रोहित गुप्ता ने इस पुनीत कार्य के बाद कहा कि जीते जी रक्तदान और मरने के बाद नेत्रदान हर व्यक्ति को जरूर करना चाहिए। इन दोनों ही मामलों में रक्तदाताओं के इस सराहनीय कार्य और समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी एवं लैब टेक्नीशियन विनोद पाल के योगदान की सराहना की जा रही है।

# एटीएम बदलकर राशि हड़पने वाले वाले शातिर आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जे से 39 एटीएम कार्ड एवं 1,03,150/- नगदी एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल की गई जप्त**

**आरोपी पर आसपास के विभिन्न जिलों में पूर्व में ए.टी.एम. एक्चेंज के कई मामले है दर्ज**





पन्ना। फरियादी शफी मोहम्मद पिता हसन बाबू (उम्र 75 वर्ष), निवासी अजयगढ़ द्वारा थाना अजयगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उनका एटीएम कार्ड बदलकर 1,03,150/- की राशि का आहरण कर लिया। इस रिपोर्ट पर थाना अजयगढ़ में अपराध क्रमांक 522/25 पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती नवेदिता नायडू के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह एवं एसडीओपी अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजयगढ़ के नेतृत्व में सायबर सेल टीम पन्ना को शामिल कर एक संयुक्त विशेष पुलिस टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम द्वारा टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर आरोपी की पहचान की गई। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी पुनः अजयगढ़ थाना क्षेत्र में देखा गया है। सूचना पर गठित टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को अजयगढ़चंदला रोड स्थित बीरा चौकी के पास से अभिरक्षा में लिया गया। बाद में प्राप्त पुष्ट जानकारी के आधार पर आरोपी भीष्म प्रताप सिंह निवासी मकरी कुठार को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। मामले मे आरोपी के कब्जे से प्राप्त ए.टी.एम की जांच कर विवेचना की जा रही जिसमे अन्य पीड़ितों की पहचान कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। तरीका-ए-वारदात- आरोपी एटीएम के बाहर पहले से रैकी करता था। जैसे ही कोई बुजुर्ग या असहाय व्यक्ति पैसे निकालने के लिए एटीएम में प्रवेश करता, आरोपी सहायता करने के बहाने उसके पास पहुँच जाता था। पीड़ति का एटीएम कार्ड अपने हाथ में लेकर वह बुजुर्ग व्यक्ति से पासवर्ड दर्ज करवाता और चालाकी से पासवर्ड देख लेता। इसके बाद वह पीड़ति का असली एटीएम कार्ड बदलकर दूसरा कार्ड पकड़ाकर कहता कि "एटीएम खराब है", "मशीन में पैसे नहीं हैं" या "सर्वर डाउन है"। पीड़ति भ्रमित होकर वापस चला जाता और आरोपी उसी असली एटीएम कार्ड व प्राप्त पासवर्ड का उपयोग कर अन्य एटीएम से पैसे निकाल लेता था।

**जप्त सामग्री-** 39 एटीएम कार्ड 1,03,150/- नगद एवं घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकिल कुल मशरूका 220000 रूपए की गई जप्त।

**नाम पता आरोपी-**

भीष्म प्रताप सिंह उर्फ केपी सिंह पितारू मुलायम सिंह परमार उम्र 21 वर्ष निवासीरू मकरी कुठार, थाना बृजपुर, जिला पन्ना (म.प्र.)

**सराहनीय योगदान -**

थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर, चौकी प्रभारी बीरा सउनि रामकृष्ण पाण्डेय, एच.सी. राठौर, प्र.आर. शंकर प्रताप, अशोक अहिरवार, तेजभान, आर. अमित द्वेदी, भूपाल सिंह रोहित मिश्रा, अरुण प्रताप एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### पन्ना जिले की पुलिस व्यवस्था पर उठे सवाल लूप लाइन में पड़े निरीक्षक उप निरीक्षकों के हाथ थानों की कमान

अमानगंज। पन्ना जिले में इन दिनों पुलिस विभाग की चर्चा आम हो चली है गली-गली चौराहा चौराहा पर पुलिस की एवं वर्दी के गुरूर के किस्से भी आम हो चले हैं जहां एक और पुलिस विभाग में पदस्थ निरीक्षक लूप लाइन रक्षित केंद्र में अटैच है और समय काट रहे हैं और सब इंस्पेक्टर थाना प्रभारी बने बैठे हैं बरसों से यह देखने को मिल रहा है ,सूत्रों से ज्ञात हुआ है की लाइन में पांच निरीक्षक आज भी थाना पाने के लिए प्रयासरत देखे जा रहे हैं परंतु वरिष्ठ अधिकारियों की कृपा न मिलने से थानों की जिम्मेदारी नहीं सौंपी जा रही है वहीं दूसरी ओर थानों में बैठे सब इंस्पेक्टर अपनी मनमानी के अनुसार थानो को चला रहे हैं जिससे आए दिन विवाद की चर्चाएं भी सामने आ रहीं हैं जिससे आम जनमानस न्याय की उम्मीद भी पाने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रोजाना आवेदन देकर हाजिरियां लग रहा है जिनकी सुनने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा वापस आवेदन को थाना को जांच हेतु मार्क कर दिया जाता है परंतु परेशान फरियादी को न्याय नहीं मिल पाता निरीक्षाको व उप निरीक्षक के भंवर जाल में फंसे लोग न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं मामला क्या है यह तो स्पष्ट नहीं है कि निरीक्षकों की जगह उप निरीक्षकों को थाने की कमान क्यों सोपी गई है मगर लोगों की मांग है कि निरीक्षक वाले स्थान में संवेदनशील निरीक्षक की पद स्थापना कर क्षेत्र की जनता को कानून के प्रति भरोसा और विश्वास दिलाया जाए।

# झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती मनाई



**पवई। पवई शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर शिक्षक सतानंद पाठक ने बताया कि आज पूरा देश वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मना रहा है। 19 नवंबर को जन्मीं रानी लक्ष्मीबाई ने अपने साहस, बलिदान और नेतृत्व क्षमता से भारतीय इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। उनकी वीरता और स्वाभिमान की कहानी सदा हमें प्रेरित करती रहेगी।**

### रानी लक्ष्मीबाई'एक प्रेरणा का स्रोत-

रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर, हम उनकी अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हैं। उनकी कहानी न केवल महिलाओं के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है। प्रधानाध्यापक श्रीमती माया खरे ने कहा कि शिक्षा और सामाजिक सुधार में योगदान रानी लक्ष्मीबाई ने न केवल अपने राज्य की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी, बल्कि उन्होंने शिक्षा और सामाजिक सुधार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी जयंती पर, हम उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हैं। आइए हम सब मिलकर...रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने समाज और देश के लिए कुछ अच्छा करने का संकल्प लें। नमन है वीरांगना को- रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। उनकी वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पवई में निकली भव्य शोभायात्रा, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन



पवई। जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के बैनर तले आज पवई के कलेहन माता प्रांगण में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पखवाड़ा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पवई नगर में बिरसा मुंडा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के बाद पवई तहसील पहुंचकर जिले में एसटी, एससी, ओबीसी, माइनॉरिटी और मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ हो रहे अन्याय व अत्याचार सहित सात प्रमुख बिंदुओं को लेकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह, जयस जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार गौड़, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सुनील टाइगर, मुन्ना सिंह मरकाम, ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष रामभगत कुशवाहा, जयस जिला प्रवक्ता गजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# पवई विकासखंड में सफलतापूर्वक संपन्न हुई ओलंपियाड परीक्षा



पन्ना

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 18 नवंबर 2025 को पवई विकासखंड में जन शिक्षा केंद्र स्तर पर ओलंपियाड परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। अजय गुप्ता डीपीसी जिला शिक्षा केंद्र पन्ना के कुशल मार्गदर्शन तथा बीआरसीसी पवई राजेश पटेल एवं ओलंपियाड परीक्षा प्रभारी रघुवीर तिवारी के नेतृत्व में कवि विकासखंड में ओलंपियाड परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में कक्षा 2 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पवई नगर में बनाए गए दो केंद्रों में शासकीय कन्या विद्यालय के प्राचार्य आर सी गुप्ता ने बताया की केंद्र में दर्ज 442 में 389 विद्यार्थी शामिल हुए वहीं संदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य आर के नागायच ने बताया की केंद्र में दर्ज 560 में 412 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी ओलंपियाड विकासखंड के अंतर्गत आने वाले 13 जन शिक्षा केंद्रों में यह परीक्षा एक साथ आयोजित हुई। इनमें जनशिक्षा केंद्र सांदीपनि विद्यालय पवई, कन्या उमावि पवई, हायर सेकेंडरी हथकुरी, कुंवरपुर, कृष्णगढ़, बनौली, सिमरिया, कल्दा, सुनवानी, टिकरिया, पुरैना एवं पड़रिया कला प्रमुख परीक्षा केंद्र रहे।

ओलंपियाड परीक्षा के लिए विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से कुल 6298 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 88.4 प्रतिशत-कुल 5566 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से परीक्षा में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परीक्षा का संचालन शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हुआ। परीक्षा केंद्रों पर जिला शिक्षा केंद्र एवं जनपद शिक्षा केंद्र पवई की पर्यवेक्षण टीमों ने जाकर परीक्षा की निगरानी की और व्यवस्था का अवलोकन किया। परीक्षा की सफलता में जनशिक्षकों, प्राचार्यों, प्रधानाध्यापकों तथा शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। जन शिक्षा केंद्र स्तर पर चयनित विद्यार्थी अब आगामी जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में भाग लेंगे।



# पिरामल स्वास्थ्य द्वारा टीबी चौंपियनों की एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

पन्ना

पिरामल स्वास्थ्य के तत्वावधान में भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आयोजित आईपीडीपी सभाकक्ष पन्ना में टीबी चौंपियनों की एक दिवसीय कार्यशाला बुधवार को आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य टीबी चौंपियनों को आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है ताकि वे आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर कार्य कर सकें और कम्युनिटी एंगेजमेंट में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर, जिला क्षय केंद्र से डीपीसी विकास श्रीवास्तव, पीएमडीटी कार्डिनेटर राजेश आरख, एसटीएस गोपाल शर्मा, भारती रैकवार, एसटीएस रवि दहायत, पिरामल स्वास्थ्य से डिस्ट्रिक्ट लीड अनीश शर्मा, साई आषीष हेल्थ केयर मैनेजमेंट पन्ना के कांउसलर चंदन एवं एससीए अनिल राजपूत मौजूद रहे। कार्यशाला में टीबी चौंपियनों को प्रशिक्षित कर उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर रोगियों की काउंसलिंग और समुदाय में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। यह पहल ष्इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्टष् को सफल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद विशेषज्ञों ने टीबी के प्रभावी प्रबंधन और रोगियों को मानसिक एवं शारीरिक समर्थन प्रदान करने के उपायों पर चर्चा की। स्टेट लीडर श्री लक्ष्मीधर सिंह ने कहा कि टीबी चौंपियनों का यह योगदान न केवल रोगियों के लिए फायदेमंद होगा बल्कि यह समाज में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक साबित होगा। इस कार्यशाला के माध्यम से टीबी चौंपियनों को अपने अनुभव साझा करने और अन्य रोगियों को प्रेरित करने का एक मंच भी प्रदान किया गया। इस पहल से टीबी उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को गति मिलने की उम्मीद है।

# शासकीय महाविद्यालय देवेंद्र नगर द्वारा उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया

देवेंद्र नगर पन्ना

इस बेबीनार का विषय ‘राष्ट्रीय विकास में भारतीय भाषाओं की भूमिका’ था । यह कार्यक्रम डॉ नीरज दुबे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग सागर संभाग सागर की अध्यक्षता में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक डॉ एस डी चतुर्वेदी प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय पन्ना, संरक्षक इस महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सीमा चौरसिया एवं संयोजक श्री सुखवेंद कुमार गौतम रहे । कार्यक्रम का सफल संचालक डॉक्टर दिनेश कुमार राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के पूजन एवं डॉ ध्रुव कुमार पाण्डेय द्वारा वैदिक मंगलाचरण से की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ प्रभात सिंह राजपूत पुस्तकालय अध्यक्ष मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर राजस्थान रहे । डॉ राजपूत ने दृश्य, श्रव्य माध्यम से भारतीय भाषाओं की महत्ता को स्थापित किया। डॉ राजपूत ने बताया कि हम किसी भाषा में कितने भी निपुण हो जाएं कष्ट के समय मातृभाषा में ही आवाज निकलती है या हम सपने केवल मातृभाषा में ही देखते है । दूसरे मुख्य वक्ता के रूप में डॉ प्रियव्रत मिश्रा सह प्राध्यापक संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान, संस्कृत व्याकरण विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी थे। इन्होंने बताया कि किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए उस राष्ट्र की शिक्षा क्षेत्रीय भाषाओं में होनी चाहिए । आपने क्षेत्रीय भाषाओं का सूचना प्रौद्योगिकी एवं पाठ्यक्रमों में स्थानीय भाषा के महत्त्व को प्रतिपादित किया ।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सीमा चौरसिया ने भारतीय संस्कृति एवं भारतीय भाषा की उपादेयता पर प्रकाश डाला । श्री सुखवेंद कुमार गौतम ने बताया हमें राष्ट्र के विकास के लिए अपनी मातृभाषा को प्राथमिकता देनी होगी एवं अपनी सांस्कृतिक चेतना से जुड़ना होगा ।श्री गौतम ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। डॉ नीरज शर्मा प्राचार्य शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर, ने कहा कि ऐसे प्रासंगिक विषयों पर व्याख्यान स्वागत योग्य है। इस



कार्य क्रम में महाविद्यालय के डॉ अनिल श्रीवास्तव, डॉ लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, डॉ पवन कुमार त्रिपाठी, डॉ रीना पांडे, डॉ अरुण कुमार सिंह, श्री विकास आनंद दीक्षित, श्री सुधीर सिंह करपेती, श्री अवधेश बागरी, इदरीश अहमद, श्री राम प्रसाद गौड़, श्री राम कुमार कुशवाहा, श्रीमती प्रीति वाल्मीकि, सभी विद्यार्थी इत्यादि उपस्थित रहेदेवेंद्र नगर के बच्चों ने रचा इतिहास नेशनल कराते चैंपियनशिप में 11 गोल्ड 2 सिल्वर 8 ब्रोंज मेडल जीतकर इतिहास में अपना नाम हमेशा के लिए दर्ज कर दिया है भोपाल सेज यूनिवर्सिटी मैं आयोजित हुई शौर्य कप नेशनल कराटे चैंपियनशिप 16 नवंबर 2025 को आरोग्य काला कराते और फिटनेस अकादमी की 11 बच्चों का चयन हुआ था जिसमें कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के नेशनल रेफरी एवं अकादमी के सीनियर कोच सिद्धांत सिंह चौहान मैं प्रतियोगिता में रेफरी जज की भूमिका निभाई अकादमी के 11 बच्चे 11 गोल्ड 2 सिल्वर 8 ब्रोंज मेडल जीतकर इतिहास अपना नाम हमेशा के लिए दर्ज कर दिया है शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला में पहली बार राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप लेवल पर एक साथ 11 गोल्ड 2 सिल्वर 8 ब्रांच मेडल जीत के रिकॉर्ड दर्ज किया है मेडल जीतने वाले बच्चों का नाम हर्षित सोनी इंडिविजुअल बॉयज कुमिते में गोल्ड मेडल एवं काता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया रोहिणी सिंह इंडिविजुअल गर्ल्स कुमिते इवेंट में गोल्ड मेडल एवं काता इवेंट में गोल्ड मेडल प्राप्त किया निकिता सिंह गर्ल्स कुमिते गोल्ड मेडल गर्ल्स काता गोल्ड मेडल प्राप्त किया आयुष जैन बॉयज काता गोल्ड मेडल बॉयज कुमते ब्रॉन्ज मेडल युवराज नामदेव बॉयज काता इवेंट गोल्ड मेडल बॉयज कुमिते इवेंट ब्रोंज मेडल सभा बेगम इंडिविजुअल गर्ल्स कुमिते गोल्ड मेडल इंडिविजुअल गर्ल्स के काता सिल्वर मेडल स्नेहा सोनी गर्ल्स काता गोल्ड मेडल गर्ल्स कुमिते ब्रोंज मेडल आयशा सोनी गर्ल्स कुमिते गोल्ड मेडल गर्ल्स काता ब्रोंज मेडल तनिष बानो इंडिविजुअल गर्ल्स काता ब्रोंज मेडल इंडिविजुअल कुमिते ब्रोंज मेडल मोहम्मद रिहान बॉयज काता ब्रोंज मेडल कृष्ण जड़ियां बॉयज काता ब्रोंज मेडल बॉयज कुमिते ब्रोंज मेडल टीम कोच भूमिका वरिष्ठ प्लेयर जितेंद्र विश्वकर्मा ने निवाई मध्य प्रदेश का कराते संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र तोमर एवं जनरल सेक्रेटरी महेश कुशवाहा वाइस प्रेसिडेंट अमिताभ श्रीवास्तव टूर्नामेंट ऑर्गेनाइजेशन अनूप देते पन्ना में एक नया कराते हब बनने और पूरे पन्ना जिला की नाम रोशन एवं नई रिकॉर्ड बनाने पर शुभकामनाएं दी और आशा जताई की जल्दी जिला से कई अंतरराष्ट्रीय प्लेयर भी बनकर निकलेंगे और अपने माता-पिता अपने कोच अपने जिला अपना राज अपने देश का नाम रोशन करेंगे जिला की इकलौती और पहली कराते एकेडमी आरोग्य कला कराते अकैडमी 1997 से लगातार बच्चों को तैयार कर रही है और अंतरराष्ट्रीय प्लेयर बनाने में पूरी तरीके से मेहनत कर रही है अकादमी के अध्यक्ष श्री ललित गुप्ता उपाध्यक्ष विनोद तिवारी जनरल सेक्रेटरी विजय सिंह चौहान सेक्रेटरी मोहम्मद सफी कोषाध्यक्ष रुचि सिंह चौहान व्यवस्थापक संतोष विश्वकर्मा गणेश विश्वकर्मा सीनियर प्लेयर पूनम बर्मन शालिनी तिवारी शिवांक तिवारी महक परवीन सभी सीनियर्स बच्चों के माता-पिता बड़ी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की

# टूरिस्ट हेली सर्विस का उठाएं भरपूर लाभ : मुख्यमंत्री






**छतरपुर।** जिले के विश्व धरोहर स्थल खजुराहो और पन्ना टाइगर रिजर्व के आसपास पर्यटकों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। खजुराहो में एयरपोर्ट तो पहले से है ही, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से खजुराहो नई वंदे भारत ट्रेन की सौगात दे दी है, जिससे बुंदेलखंड की शान मतंगेश्वर महादेव सीधे काशी विश्वनाथ से जुड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करते हुए नई पीएमश्री हेली टूरिस्ट सर्विस शुरू की है। इसके अलावा प्रदेशवासियों को इंटर स्टेट हवाई सेवा और एयर एंबुलेंस की सुविधा भी मिल रही है। पर्यटक इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आने वाले पर्यटकों की संख्या में 526 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। बीते साल 13 करोड़ 41 लाख से अधिक पर्यटक मध्यप्रदेश की धरती पर आए। हमारी पर्यटन प्रोत्साहन योजनाओं के कारण भविष्य में यह आंकड़ा और भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को खजुराहो में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने चन्द्रनगर के पास ग्राम राजगढ़ में स्थित द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस खजुराहो का दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर ओबेरॉय ग्रुप के स्वामी अर्जुन ओबेरॉय ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढाकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रवेश द्वार पर डॉ. यादव का बुंदेली परंपरा के अनुसार महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर स्वागत किया। साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जनसमूह ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रवेश द्वार से इलेक्ट्रिक कार्ट में बैठकर पैलेस तक पहुंचे। उन्होंने पैलेस का भ्रमण कर तकिया झील व्यू एवं पन्ना टाईगर रिजर्व के दिखने वाले खुबसूरत हरे भरे नजारे को भी देखा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो को ईश्वर का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। ओबेरॉय ग्रुप के राजगढ़ पैलेस होटल के माध्यम से आज खजुराहो समृद्धि के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। राज्य सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। खजुराहो की प्राचीनतम स्थापत्य कला को देखने के लिए पूरी दुनिया खिंची चली आती है और महाराजा छत्रसाल की राजधानी रही है। बुंदेलखंड में आल्हा-ऊदल की वीरता की कहानियां जोश से भर देती हैं। यहां 70 एकड़ में यह भव्य होटल बनकर तैयार हुआ है, जिससे पर्यटकों को तो लग्जरियस फेसिलिटी मिलेगी ही, स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। क्षेत्रीय सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। खजुराहो एक विश्व धरोहर है, यहां रोजाना दुनियाभर के पर्यटक आते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में 17 आइकोनिक सिटी चिह्नित की हैं, इनमें अपना खजुराहो भी शामिल है। यहां नजदीक ही पन्ना टाइगर रिजर्व को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक आते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने खजुराहो को हवाई सेवा के साथ-साथ सुपरफॉस्ट ट्रेन वंदे भारत की रेगुलर कनेक्टिविटी भी दे दी है। पन्ना में हीरे तो मिलते ही हैं, भविष्य में राजगढ़ पैलेस होटल इंडस्ट्री का डायमंड बनकर उभरेगा।राजगढ़ पैलेस की भव्यता की जानकारी देते हुए अर्जुन ओबेरॉय ने बताया कि मध्यप्रदेश अतुलनीय पर्यटन संभावनाओं और संस्कृति का केंद्र है। राजगढ़ पैलेस के डिजाइन और रूप आगंतुकों को मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक विरासत को करीब से देखने का मौका देगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजगढ़ पैलेस पर्यटकों के लिए मध्यप्रदेश का गेट-वे बनेगा।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का शुभारंभ



**छतरपुर।** शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर राज्य स्तरीय जूडो महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी शामिल हुईं। उनके साथ जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलकांत असाटी, सदस्य विकास चतुर्वेदी, महाविद्यालय के प्राचार्य एच.डी. अहिरवार, प्रतियोगिता प्रभारी बी.के. प्रजापति, प्रो. पी.के. दीक्षित व शशिकांत अवस्थी मंचासीन रहे। प्रतियोगिता 19 नवंबर से 21 नवंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश के आठ संभागों—छिंदवाड़ा, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल, सागर और इंदौर के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

### स्वामी प्रणवानंद योग संस्थान में सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव



**महाराजपुर।** स्वामी प्रणवानंद योग संस्थान की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी सत्र से संस्थान में योग विषय में सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। स्वामी प्रणवानंद जी द्वारा स्थापित इस संस्थान को उन्होंने योग शिक्षा और वाचनालय के संचालन हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की थी। स्वामी जी अब इस संसार में नहीं हैं, लेकिन उनके लोक-कल्याणकारी विचारों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य अजय चौरसिया, अमित शुक्ला, सचिन चौरसिया, तथा विशेष रूप से डॉ. बलराम चौरसिया, डॉ. नंदकिशोर सोनी और डॉ. अमरदीप सोनी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि स्वामी प्रणवानंद जी ने महाराजपुर महाविद्यालय और नगरपालिका भवन निर्माण सहित जिले के कई संस्थानों को 70-80 के दशक में आर्थिक सहायता दी थी। अमेरिका में रहने के बावजूद उन्होंने छतरपुर जिले में शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर योगदान दिया। स्वामी जी के नाम पर संचालित यह योग संस्थान आज भी उनके विचारों और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराता है।

# करंट की चपेट में आने से नवयुवक की मौत

**छतरपुर। जिले के चंदला थाना क्षेत्र के दुमखेड़ा गांव निवासी सुरेश यादव (35) की करंट लगने से मंगलवार दोपहर दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुरेश करीब तीन वर्षों से चंदला के आशीतालाब के पास बटाई पर खेती कर रहा था।**

**मंगलवार दोपहर वह खेत में सिंचाई के लिए पंप चलाने पहुंचा।**

बताया जा रहा है कि सुरेश ने पंप के करंट सप्लाई के एक वायर को तो निकाल दिया था, लेकिन दूसरा वायर हटाए बिना ही वह पंप को बाहर खींचने लगा। इसी दौरान वह खुले करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सुरेश को चंदला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची चंदला थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मौके का पंचनामा तैयार किया और जांच प्रारंभ कर दी है।





# लेप्रा सोसायटी ने दिया 3 दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण

**छतरपुर।** स्वस्थ जीवन मजबूत रोजगार जीवन का आधार इसी उद्देश्य के साथ लेप्रा सोसायटी जिले के गौरिहार, राजनगर, लवकुशनगर ब्लॉक में फाइलेरिया और कुष्ठ रोग से प्रभावितों के साथ समर्थ परियोजना के माध्यम से काम कर रही है। जानकारी देते हुए लेप्रा सोसायटी के समर्थ परियोजना प्रबंधक ऋषभ कुमार जड़िया ने बताया कि हमारी संस्था समर्थ कार्यक्रम से जिले के तीन ब्लाकों में कुष्ठ और फाइलेरिया प्रभावित लोगों के बीच स्वा देखभाल समूह के माध्यम से काम करती है और समय-समय पर आवश्यकता अनुसार स्वा देखभाल सामग्री भी उनको वितरित की जाती है जिसमें प्राथमिक उपचार के साथ जूते चप्पल भी शामिल है। इसके साथ ही संस्था का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि जो प्रभावित हैं उनका जीवन सामान्य व्यक्तियों से अलग हो जाता है और वह पहले की तरह काम नहीं कर पाते हैं। इसी को देखते हुए इन स्वा देखभाल समूहों को स्वरोजगार से जोडऩे के लिए भी कार्य किया जा रहा है ताकि वह समाज में सम्मान पूर्वक जीवन व्यतीत कर सके और अपना जीवन सुचारु रूप से जी सके इसके लिए उन सभी को रोजगार की ओर बढ़ाना है।

# बकस्वाहा-बम्हौरी क्षेत्र के स्कूलों में मनमानी नियुक्तियों का आरोप

## जिला दण्डाधिकारी से निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

**वकस्वाहा।** बकस्वाहा विकासखंड के बकरवाहा और बम्हौरी क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय निवासी श्रीमती रचना नामदेव ने जिला दण्डाधिकारी को दिए ज्ञापन में दावा किया है कि क्षेत्र के कई विद्यालयों में प्रधानाध्यापक पोर्टल पर स्वीकृत पैनल को दरकिनार कर मनमाने तरीके से नियुक्तियां कर रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई और शिक्षकों का भविष्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। शिकायत में उल्लेख है कि शासन द्वारा अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया के बावजूद कई विद्यालयों में या तो पैनल से बाहर व्यक्तियों को नियुक्त किया गया है या फिर जानबूझकर पदों को खाली छोड़कर पोर्टल 3.0 पर गलत डाटा प्रदर्शित किया जा रहा है। आरोप है कि विकासखंड और संकुल स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण यह स्थिति लगातार बनी हुई है।

श्रीमती नामदेव के अनुसार विगत दो माह से कई पद पोर्टल पर रिक्त दिखाए जा रहे हैं, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की नियुक्ति नहीं की गई। इस संबंध में जिला शिक्षाधिकारी से संपर्क करने पर आश्वासन तो मिला, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने मांग की है कि 01 सितंबर 2025 से वर्तमान तिथि तक अतिथि शिक्षकों की कुल नियुक्तियों की जांच कराई जाए और यह पता लगाया जाए कि क्या सभी नियुक्तियां शासन की गाइडलाइन के अनुरूप हुई हैं। साथ ही पोर्टल पर प्रदर्शित डाटा और वास्तविक नियुक्तियों का तुलनात्मक परीक्षण कर दोषी प्रधानाध्यापकों एवं संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। कमलेश नामदेव व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और मनमानी नियुक्तियों के कारण बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है।

# उत्कृष्टता की नई मिसालः एनटीपीसी विन्ध्याचल को सीआईआई एक्जिम बैंक बिज़नेस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 में लगातार दूसरी बार मिला प्लैटिनम सम्मान और जूरी स्पेशल कमेंडेशन




**सिंगरौली।** एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एक बार फिर बिज़नेस उत्कृष्टता के क्षेत्र में अपनी राष्ट्रीय नेतृत्व क्षमता साबित करते हुए सीआईआई एक्जिम बैंक बिज़नेस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 में लगातार दूसरे वर्ष प्रतिष्ठित प्लैटिनम पुरस्कार हासिल किया है। इसके साथ ही परियोजना को "जूरी स्पेशल कमेंडेशन" से भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान बेंगलुरु में आयोजित 33वें सीआईआई एक्सीलेंस समिट में प्रदान किए गए।

यह दोहरी उपलब्धि स्टेशन की उत्कृष्ट प्रणालियों, सतत सुधार की संस्कृति और गुणवत्ता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पुरस्कार वैश्विक मानकों वाले ईएफक्यूएम (EFQM) एक्सीलेंस मॉडल पर आधारित है, जो संगठन के रणनीतिक परिपक्वता, प्रक्रियागत मजबूती और निरंतर प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है। इतने कठोर मूल्यांकन में शीर्ष श्रेणी का सम्मान प्राप्त करना परियोजना की उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति को दर्शाता है।

परियोजना की ओर से यह पुरस्कार श्री देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) और श्री निलेश नयन, वरिष्ठ प्रबंधक (पीएंडएस) ने गर्व के साथ प्राप्त किया। यह उपलब्धि श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन का परिणाम है, जिनके दिशा-निर्देश परियोजना को उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर कर रहे हैं। लगातार दूसरे वर्ष प्लेटिनम सम्मान और नई जूरी कमेंडेशन के साथ, एनटीपीसी विन्ध्याचल व्यवसायिक उत्कृष्टता का प्रतीक बनकर ऊर्जा क्षेत्र में नए मानक स्थापित करता जा रहा है।

### दिवसीय शानदार कबड्डी का आयोजन Abdul Sabir (लाला भाई छांदा वाले) का पहला सीजन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ



Mahmood Ahmad की शानदार टीम रजा नगर खोभा ने पहले सीजन में शानदार प्रदर्शन के साथ विजेता का ख़िताब अपने नाम किया एवं देवगवां की टीम भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए उप विजेता रही। दोनों टीमों को बहुत बहुत बधाई। इस खेल को सपोर्ट करने वाले एवं हमारे मुख्य अतिथि ध्रुवेंद्र नाथ चतुर्वेदी जनपद सदस्य देवगवां एवं विशिष्ट अतिथि हाजी सत्तार बक्स एवं विशिष्ट अतिथि मुस्लिम अध्यक्ष रसीद अंसारी जी का बहुत शुक्रिया जो की अपना कीमती समय देकर अपना सहयोग दिया। अतिथी अल्प संख्यक विकास कमेटी के संभागीय सचिव साबिर पिया कुरैशी, जहां फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉक्टर अब्दुल वहाब अंसारी, समाजसेवी मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद आजम , बब्बू जेसीबी, देवगवां सरपंच मोहम्मद आसिफ भाई, झखरवाल सरपंच लहरूद्दीन भाई, उमरहर सरपंच राम लौटन, हाजी समसुद्दीन, ताहिर भाई साहब, रब्बानी भाई साहब, मुबारक भाई निर्णायक की भूमिका में L K पाण्डेय सर, फूल मोहम्मद, अजहरुद्दीन, मोहम्मद अंसार , मोहम्मद अशफाक आप सभी का बहुत शुक्रिया। आयोजक की तरफ सेकमेंट्री में बालेंद्र कुशवाहा, मोहम्मद रिजवान, दीपू मिश्रा, मंजूर मोहम्मद एवं ठेठ बघेली में सौरव चतुर्वेदी, आयोजक की तरफ से सभी का शुक्रिया शुरू से लेकर आखिरी तक शेर अली भाई ने जो जिंदादिली दिखाई है वो काबिले तारीफ है। इस खेल को 70TSPORT LIVE में दिखा रहे थे मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद शहजाद एवं मोहम्मद चांद, खूबसूरत तस्वीरें यादगार के रूप में अपने कैमरे में कैद किए। आयोजक एवं टीम की तरफ से बहुत शुक्रिया मेडिकल फील्ड में खिलाड़ियों को सेवा दे रहे थे MRS मेडिकल से DRx Mahmood Ansari , शोएब मेडिकल से drx Firoj Ansari एवं रॉयल फार्मेस्सी से drx सद्दाम भाई, सभी का बहुत शुक्रिया। बिलाल एवं मुमताज भाई ने टीम का पूरा ख्याल रखा एवं खेल में अपना पूरा सहयोग दिया। इस पूरे आयोजन में मंजूर टेंट हाउस से बहुत बड़ा सपोर्ट रहा, टेंट डीजे, एवं लाइट की पूरी व्यवस्था बिल्कुल फ्री में किया गया । आने वाले मेहमानों के साथ साथ जितनी बाहर से टीमें आई थी इस खेल को रोमांचित करने सभी का शुक्रिया सभी दर्शक जो बिल्कुल बिना हिले डुले पूरे खेल का आनंद लेते रहे उन सभी का शुक्रिया आयोजक अब्दुल साबिर एवं उनकी टीम की तरह से।

# हिंडालको महान के CSR ने बदली 39 युवाओं की जिंदगी, मिला प्लेसमेंटः कलेक्टर गौरव बैनल ने दिए नियुक्ति पत्र



हिंडालको महान के **CSR** प्रोजेक्ट "उड़ान" ने सिंगरौली के 39 युवाओं की तकदीर बदल दी। बेरोजगार युवाओं को कौशल शिक्षा देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने की इस अनोखी पहल के तहत, इन युवाओं को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित ओ. पी. जिंदल कम्युनिटी कॉलेज,जिंदल यूनिवर्सिटी में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाया गया। तीन महीने के प्रशिक्षण के बाद आज ये सभी युवा जॉब ऑफर लेटर के साथ खुशियों से भर उठे। इन युवाओं को फिटर फैब्रिकेशन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और डेटा एंट्री ऑपरेटर जैसे तीन उद्योगिक ट्रेडों में प्रशिक्षित किया गया। खास बात यह रही कि प्रशिक्षण पूरा होते ही सभी 39 युवाओं को याकाजी इंडस्ट्रीज, बी.के.टी. टायर और माइंडज़लैब टेक्नोलॉजीज जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में ₹17,000 से ₹28,000 मासिक वेतन के साथ नियुक्ति मिली।इस प्लेसमेंट प्रमाणपत्र और नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन हिंडालको महान के एच. आर. कम्युनिकेशन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में सिंगरौली के जिलाधिकारी गौरव बैनल, हिंडालको महान के इकाई प्रमुख एस. सेंथिलनाथ, मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा, वित्त प्रमुख रोहित मेथैथी, जनसंपर्क प्रमुख संजय सिंह, तथा अन्य अधिकारियों ने शिरकत की।

**जिलाधिकारी गौरव बैनल हुए CSR पहल से प्रभावित**

जिलाधिकारी गौरव बैनल ने अपने हाथों से युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने **CSR** की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि—
एक कलेक्टर होने के नाते मेरा पहला लक्ष्य है कि सिंगरौली के युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और स्किल मिले। इससे रोजगार अपने-आप उनके पास आएगा। युवाओं को जितना सीखने का मौका मिलेगा, उतना यह जिला मजबूत होगा। बाहर जाकर सीखने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए—सीखेंगे तो आगे बढ़ेंगे।"उन्होंने "उड़ान" को युवाओं की आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में मजबूत कदम बताया।

**CSR** का लक्ष्य अंतिम पंक्ति से युवाओं को मुख्यधारा में लाना — इकाई प्रमुख एस. सेंथिलनाथ
कार्यक्रम में इकाई प्रमुख एस. सेंथिलनाथ ने कहा— "**CSR** का उद्देश्य सिर्फ किसी को एक दिन का सहारा देना नहीं, बल्कि उन्हें जीवनभर आगे बढ़ने की क्षमता देना है। हमने इन युवाओं को सिर्फ नौकरी नहीं दी, बल्कि आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिया। यही असली सामाजिक विकास है।"

**स्थानीय युवाओं की बेरोजगारी को खत्म करने की पहल —मानव संसाधन प्रमुख**

मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने बताया कि प्रोजेक्ट "उड़ान" का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार योग्य बनाना है। उनके अनुसार—
"बेरोजगारी तभी खत्म होगी जब युवाओं को उद्योगिक कौशल मिलेगा। उड़ान इसी सोच के साथ बनाई गई है और यह निरंतर जारी रहेगी।"
कार्यक्रम के अंत में जनसंपर्क प्रमुख संजय सिंह ने जिलाधिकारी गौरव बैनल और सभी अतिथियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि सिंगरौली में उद्योग और प्रशासन अगर एक साथ काम करें, तो युवाओं का भविष्य सुरक्षित और मजबूत होता है।
हिंडालको महान ने स्पष्ट किया कि कंपनी स्थानीय युवाओं को कौशल देकर रोज़गार से जोड़ने की दिशा में आगे भी कार्यरत रहेगी, जिससे समुदाय का विकास और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सके।कार्यक्रम का सफल संचालन शीतल श्रीवास्तव ने किया.

# परस्पर विश्वास और सामंजस्य के बदौलत 'कंपनी और कम्यूनिटी' दोनों समृद्धि की ओर अग्रसर- साईराम, सीएमडी एनसीएल



विकसित भारत की पृष्ठभूमि में देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कोयला उत्पादन अनिवार्य है। इसी कड़ी में भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी – एनसीएल, जयंत परियोजना विस्तार के तहत भू-अर्जन की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। बुधवार को एनसीएल मुख्यालय में जयंत परियोजना विस्तार हेतु 'प्रतिकर वितरण' का शुभारंभ करते हुए 33 परिवारों को अनुमोदित स्कीम के अनुसार देय प्रतिकर राशि का आंशिक भुगतान अग्रिम राशि के रूप में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमडी एनसीएल बी साईराम ने कहा कि परस्पर विश्वास और सामंजस्य के बदौलत 'कंपनी और कम्यूनिटी' दोनों समृद्धि की ओर अग्रसर होते हैं, जयंत परियोजना विस्तार इसका जीवंत उदाहरण है । प्रतिकर वितरण' शुभारंभ को मोरवावासियों व एनसीएल, दोनों के लिए एतिहासिक बताते हुए उन्होने विभिन्न मंचों के साथ, जनप्रतिनिधियों, राज्य शासन, जिला प्रशासन व हितग्राहियों के निरंतर सहयोग एवं बहूमूल्य सुझावों के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की । कार्यक्रम में निदेशक(मानव संसाधन) मनीष कुमार ने आज के दिन को जयंत विस्तार की दिशा में मील का पत्थर बताया और भरोसा दिया कि आगे भी एनसीएल इसी गति के साथ प्रभावित हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पूर्ण पारदर्शिता के साथ जयंत परियोजना विस्तार पर कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में निदेशक(वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक(तकनीकी/संचालन) सुनील प्रसाद सिंह, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, अजय कुमार जायसवाल, विभिन्न मंचों के प्रतिनिधिगण, स्थानीय पार्षद व अन्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 'जयंत परियोजना विस्तार' का मार्ग जिस त्याग, सहयोग और समझदारी से प्रशस्त हो रहा है, उसका श्रेय परियोजना प्रभावित सम्मानित भू-स्वामियों एवं परिसंपत्ति धारकों को जाता है। उनका योगदान देश की ऊर्जा–आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव है। इसी भावना के साथ, एनसीएल द्वारा प्रदान किया जा रहा 'प्रतिकर वितरण' मात्र स्वीकृति पत्र नहीं, बल्कि त्याग, धैर्य और राष्ट्रीय योगदान के प्रति एनसीएल का कृतज्ञतापूर्ण "आभार पत्र" है। एनसीएल, परियोजना प्रभावित प्रत्येक हितग्राही का हृदय से धन्यवाद करती है, क्योंकि उनका सहयोग... राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा का आधार है। कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक निरंजन रुक्मांगद के नेतृत्व में सिंगरौली पुनर्स्थापन सेल ने किया।

## खबर संक्षेप



### अधिकारियों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का किया सघन निरीक्षण

रीवा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में उच्चाधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे घर-घर सत्यापन, गणना प्रपत्रों के संग्रहण की प्रक्रिया का मौके पर जाकर जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सत्यापन से वंचित न रहे और किसी भी मृत या स्थानांतरित मतदाता का नाम गलती से सूची में न रह जाए। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों, आवासीय कॉलोनियों और दूरदराज के गांवों का दौरा किया और बीएलओ तथा सुपरवाइजरों से प्रगति रिपोर्ट ली। अधिकारियों द्वारा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 55, लोहदवार, त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 66 तथा अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। कई स्थानों पर अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी बातचीत की ताकि पुनरीक्षण कार्य की जमीनी हकीकत जानी जा सके। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे गणना प्रपत्रों को शीघ्रता संकलित कर उनकी ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित करें। मतदाता सूची के शुद्धिकरण के इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न करें अन्यथा दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

### लेखा प्रशिक्षण का सत्र एक दिसम्बर से, आवेदन 25 नवम्बर तक

रीवा । लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र एक दिसम्बर से 15 फरवरी 2026 तक प्रारंभ हो रहा है। लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 25 नवम्बर से तक स्वीकार किए जाएंगे। अर्द्धशासकीय विभाग के प्रशिक्षणार्थियों को दो हजार रुपए का चालान संबंधित शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाएं 800 अन्य प्राप्तियाँ 00-101-0000-00 में जमा कर आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करना होगा। इस प्रशिक्षण में वही लिपिक वर्गीय कर्मचारी सम्मिलित हो सकेंगे जिनकी सेवा नियमित रूप से एक वर्ष या इससे अधिक हो। साथ ही वह मध्यप्रदेशा शासन के वित्त विभाग के नवीन विभागीय परीक्षाओं की व्यवस्था विषयक आदेश के अनुसार पात्र हों। लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रवेश एवं परीक्षा तथा अग्रिम वेतन वृद्धि के सबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी नियम और निर्देश मान्य होंगे।

### परिवहन विभाग की मॉडिफाइड वाहनों पर लगातार दूसरे दिन भी सख्त कार्यवाही

रीवा 19 नवंबर। कलेक्टर के आदेश पर अवैध रूप से मॉडिफाइड वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत परिवहन विभाग ने लगातार दूसरे दिन भी बड़ी कार्रवाई की। बुधवार को सिरमौर चौराहा, टीआरएस चौराहा और स्टेडियम रोड के पास सड़क किनारे दुकानें खोलकर व्यवसाय कर रहे तीन मॉडिफाइड वाहनों को जप्त कर परिवहन कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया। परिवहन विभाग की टीम ने इन वाहनों में किए गए अवैध मॉडिफिकेशन के लिए चालानी कार्रवाई की। जब्त वाहनों में एक ई-रिक्शा और दो अन्य मॉडिफाइड वाहन शामिल हैं, जिन्हें सामान बेचने के लिए दुकान के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर रीवा के निर्देश पर शहर में अवैध मॉडिफाइड वाहनों और अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अंतरराज्यीय गजनी गैंग का पर्दाफाश

## 12 बाइक बरामद 8 लाख की चोरी का खुलासा पांच आरोपी गिरफ्तार

रीवा।



जिले में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए रीवा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक ने पूरे मामले का पर्दाफाश करते हुए बताया कि थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर क्राइम टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर 12 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 8 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में 5 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विगत दिवस पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि सिटी कोतवाली क्षेत्र के मामले में फरार आरोपी अंसार शाह उर्फ बुग्गू अपने एक साथी के साथ चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में लखौरीबाग स्थित राधा मंदिर के पास घूम रहा है। जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और सायबर टीम ने संयुक्त घेराबंदी कर अंसार शाह उर्फ बुग्गू और उसके साथी ऋषिराज चौधरी को पकड़ा। दोनों से पूछताछ करने पर उनके कब्जे से 5 मोटरसाइकिल जब्त की गईं। पूछताछ में अंसार ने खुलासा किया कि वह चोरी की बाइकें अपने साथियों विक्रम विश्वकर्मा, शाबिर खान और शकील खान को देता था। पुलिस टीम ने रायपुर कर्चुलियान में दबिश देकर विक्रम विश्वकर्मा और शाबिर खान को हिरासत में लिया, जिनके कब्जे से 5 और मोटरसाइकिल बरामद हुईं। इसके बाद पुलिस ने गोविंदगढ़ में दबिश देकर आरोपी शकील खान के कब्जे से 2 मोटरसाइकिल जब्त कीं। इस तरह कुल 12 नग मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।



गिरफ्तार आरोपी में अंसार शाह उर्फ बुग्गू, पिता अहमद रजा, उम्र 21 वर्ष, निवासी लखौरीबाग ऋषिराज चौधरी, पिता भारत प्रसाद चौधरी, उम्र 24 वर्ष, निवासी निपनिया विक्रम विश्वकर्मा उर्फ बिक्की, पिता संजीव विश्वकर्मा, उम्र 21 वर्ष, निवासी रायपुर कर्चुलियान शाबिर खान, पिता सदीर खान, उम्र 18 वर्ष, निवासी रायपुर कर्चुलियान शकील खान, पिता अफजल खान, उम्र 29 वर्ष, निवासी गोविंदगढ़ शामिल है। घटना के संबंध में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 592/25, धारा 317(2), 317(5), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेआर पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# आईपीपीबी-डीओपी वित्तीय निवेश अभियान: रीवा डाक संभाग में 25 को मनाया जाएगा महा लागिन डे

रीवा ।

आईपीपीबी-डीओपी वित्तीय निवेश अभियान के तहत रीवा डाक संभाग में 25 नवम्बर को महा लागिन डे का आयोजन किया गया है। डाक विभाग एवं इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय निवेश अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित, सरल और विश्वसनीय निवेश सेवाएं उपलब्ध कराना है। डाक संभाग के अधीक्षक आर.के. तिवारी ने बताया कि इस अभियान में डाककर्मी एवं बीपीएम डोर टू डोर कैंपेन कर आईपीपीबी खाता, पोसा लिंकेज, डाक जीवन बीमा-ग्रामीण, डाक जीवन बीमा पीओएसबी एवं सुकन्या खाता का लाभ घर-घर जाकर लाभ दिया जायेगा। संभागीय अधीक्षक डाकघर ने कहा है कि डाक विभाग ने आम नागरिकों विशेषकर ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक बीमा सुरक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं कम प्रीमियम-अधिक बोनस के प्रचार-प्रसार के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। यह पहल जन-जन को सुरक्षित और सुलभ बीमा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डाक अधीक्षक ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों की पढ़ाई और उनकी शादी पर आने वाले खर्च को आसानी से पूरा करने के उद्देश्य से लांच की गई है। इस अनोखी योजना में खाता खुलवाना और इसके फायदे लेना बड़ा ही आसान है। सुकन्या खाता का लाभ समस्त 10 वर्ष तक की कन्याओं तक पहुंचाने का दायित्व केन्द्र सरकार द्वारा डाक विभाग को सौंपा गया है जिसके अंतर्गत इस योजना का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। डाक अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक डाककर्मी आईपीपीबी-डीओपी वित्तीय निवेश अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक को डाक विभाग की योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करेंगे। डाक अधीक्षक ने कहा कि भारतीय डाक विभाग का उद्देश्य अब हर नागरिक तक आधुनिक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना है। आईपीपीबी और पीओएसबी खातों की लिंकिंग से रीवा डाक संभाग के लाखों उपभोक्ताओं को बहुत सुविधा होगी। अब लोगों को पैसे निकालने, जमा करने या सरकारी योजनाओं के भुगतान के लिए बैंक की लाईन में लगने की जरूरत नहीं होगी। डाकिया ही बैंक बनकर घर-घर सेवा देगा। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले महीनों में रीवा, मऊगंज ,सीधी, सिंगरौली जिलों में हर सक्रिय डाक खाते को आईपीपीबी से लिंक करा दिया जाए, ताकि सभी उपरोक्ता डिजिटल इण्डिया के लाभ से जुड़ सकें। उन्होंने पोस्ट आफिस के खाताधारकों से अपील की है कि जो सेविंग खाता रखते हैं वे जल्द से जल्द आईपीपीबी खाता खुलवाकर दोनों को लिंक कराएं। इससे न केवल लेनदेन आसान होगा बल्कि योजनाओं का भुगतान सीधे आपके खाते में आएगा। यह कदम आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इण्डिया मिशन को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन है।

# श्री सत्य साईं बाबा का 100वां जन्मोत्सव 23 नवंबर को, जन्म शताब्दी महोत्सव के लिए तैयारियाँ पूरी

रीवा।



सबसे प्रेम सबकी सेवा तथा मानव सेवा ही माधव सेवा है के संदेश को आत्मसात करते हुए मानवता के कल्याण के लिए अवतरित माने जाने वाले भगवान श्री सत्य साईं बाबा का 100वां जन्मोत्सव इस वर्ष 23 नवंबर को जन्म शताब्दी महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसी संबंध में मंगलवार को श्री सत्य साईं समिति केंद्र साई संकल्प में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।पत्रकार वार्ता में श्री सत्य साईं सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम, समिति संयोजक रीवा महेंद्र कुमार चौदहा, जिला शैक्षणिक प्रभारी साकेत श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्य कामता प्रसाद गुप्ता, प्रेमचंद्र गुप्ता एवं सिद्धार्थ श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि 17 से 23 नवंबर तक विश्वभर में श्री सत्य साईं जन्मोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। बता दे मुख्य समारोह प्रशांति निलयम, पुट्टपर्ती आंध्रप्रदेश में आयोजित हो रहा है, जहाँ देश की महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित 128 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश और रीवा में भी सप्ताह भर विविध आध्यात्मिक एवं सेवा गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। जन्मोत्सव सप्ताह के दौरान प्रतिदिन प्रातः ओंकारम, सुप्रभातम एवं नगर संकीर्तन का आयोजन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। वहीं प्रत्येक शाम 6 बजे से समिति केंद्र साई संकल्प में भजन, प्रवचन तथा आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 23 नवंबर को 100वें जन्मोत्सव के अवसर पर समिति द्वारा निशक्त कन्या छात्रावास घोघर एवं स्थानीय वृद्धाश्रम में खाद्य सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाएगा। शाम को बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, भजन संध्या एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम समिति केंद्र में आयोजित किए जाएंगे। समिति सदस्यों ने रीवा के सभी श्रद्धालुओं एवं आध्यात्मिक प्रेमियों से आग्रह किया कि वे कनोडिया पेट्रोल पंप के पास, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पीछे स्थित श्री सत्य साईं सेवा संगठन, समिति केंद्र साई संकल्प पहुँचकर जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हों तथा भगवान श्री सत्य साईं बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# पीएचई विभाग ने ठेका कंपनी को समय पर काम पूरा करने का दिया अल्टीमेटम

## कई बार नोटिस के बाद भी नहीं आ पा रही काम में तेजी, रोका भुगतान

रीवा । जलजीवन मिशन के तहत शुरू किए गए कार्यों में लेटलतीफी के चलते अधिकांश हिस्सों में कार्य उप होने की स्थिति में हैं। त्योंथर क्षेत्र में चल रही टमस समूह जल प्रदाय योजना को दिए गए टारगेट के अनुसार कार्य नहीं होने से अतिरिक मुख्य सचिव के निर्देश पर विभाग ने ठेका कंपनी का भुगतान रोक दिया है। यह काम हैदराबाद की एनसीसी कंपनी कर रही है। जल जीवन मिशन के अधिकारियों के लगातार नोटिस और निर्देश के बावजूद काम में गति नहीं आई। कुछ समय पहले ही त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने विभाग के प्रमुख अधिकारियों से आपत्ति दर्ज कराई थी। इस पर संभागीय समीक्षा बैठक में भी मुद्दा उठा था, जिसके बाद से शासन के स्तर पर सक्रियता चढ़ी और ठेका कंपनी का भुगतान रोक दिया गया है। अभी काम की धीमी गति होने से कंपनी का 5.80 लाख रुपए रोका गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर काम की गति नहीं बढ़ी तो आगे भी भुगतान रोके जाएंगे। मेसर्स एनसीसी हैदराबाद के प्रतिनिधियों ने पहले समय मांगा था लेकिन तब भी काम की गति नहीं बढ़ पाई है। इस मल्टी मिशन वाली स्कीम के कार्यों को लेकर विभागीय स्तर पर भी उदासीनता बरती जा रही है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि ठेका कंपनी का पहले भी समय पर भुगतान नहीं हुआ था। पाइपलाइन बिछाने का काम अधूराजल शोधन संयंत्र की भौतिक प्रगति अब तक 57.97 प्रतिशत है। बाकी काम में अभी कई महीने का समय लगेगा। इसलिए निर्धारित अवधि तक यह कार्य पूरा नहीं हो पाएगा। ठेका कंपनी है। कुछ दिन पहले हुई समीक्षा में का दावा है कि 2686 किलोमीटर की पाइपलाइन खरीदी जा चुकी है और 1727 किलोमीटर बिजई भी जा चुकी कंपनी के



अधिकारियों ने कहा कि बरसात की वजह से पाइपलाइन बिछाने का काम बैंक से नहीं हो पा रहा है।मार्च 2023 को शुरू हुई थी परियोजनायोजना की शुरुआत 9 मार्च 2023 को हुई थी। अनुबंध के तहत दो साल में योजना का काम पूरा करना था लेकिन एक साल का समय और बढ़ाया गया है। अधिकांश कार्य अब तक अधूरे हैं। हाल ही में विभाग ने कराए गए सत्यापन में 72.46 फीसदी काम पूरा होने की बात कही है। इंटकवेल में 15.11 मीटर में सिंकिंग का काम हुआ है। ग्राउंड लेवल से पंप लॉर लेवल तक काम पूरा हुआ है। हाउस का कार्य अभी चल रहा है।ऐसी है योजनाटनस समूह योजना में 675 गांव शामिल हैं। जिसमें रीवा जिले में जदा ब्लाक में 253, त्योंथर में 288. गंगेव में 66 और मऊगंज जिले में नईगढ़ी के 68 गांव शामिल हैं।योजना में कार्य 9 मार्च 2023 को शुरू हुआ था। इसे दो साल में पूरा करना था, लेकिन एक साल का एक्सटेंशन देते हुए सात मार्च 2026 तक निर्धारित किया गया है कार्य की स्वीकृति लागत 21.18 करोड़ रुपए है। जबकि अनुबंध ठेका कंपनी के साम 82.97 करोड़ रुपए में हुआ है।गुढ़ विधायक भी उठा चुके हैं सवालएकल नलजल योजना का कार्य गुढ़ क्षेत्र में भी सवालों में है। यहां के विधायक नागेंद्र सिंह ने अपर मुय सचिव से शिकायत की थी। अब विभान ने जवाब पेश किया है। इसमें कहा है कि गुड़ क्षेत्र में 78 योजनाएं जनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिसमें 56 का कार्य पूरा हो चुका है। 22 योजनाओं में गांवों का बड़ा हिस्सा छोड़ा गया था, उस पर पुनरीक्षित स्वीकृति दी गई है। आगामी दिसंबर महीने तक 16 योजनाओं का कार्य पूरा करना है और मार्च 2026 तक बाकी छह योजनाओं के काम पूरे होने का दावा किया है। एकल नलजल योजना में पहले भी बड़ा भ्रष्टाचार सामने आ चुका है, इसलिए शुरुआती दौर से ही यह योजना सवालों के घेरे में है।कलेक्टर ने तलब की है प्रगति रिपोर्टकलेक्टर प्रतिभा पाल ने जलजीवन मिशन के समूह और एकल योजनाओं का कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया है। विभाग के अधिकारियों से इस साप्ताह कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहां है।

# रोजगार मेले में 494 युवाओं को मिला रोजगार

रीवा ।

युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में शासकीय आई.टी.आई. रीवा में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में 759 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 25 कंपनियों ने 494 युवाओं का चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में मिग्मा पैकट्रान प्रा. लि. इंदौर में 34, एमआरएफ टायर्स भारूच गुजरात में 8, टाटा इलेक्ट्रानिक्स बैंगलौर में 12, टाटा मोटर्स प्रा. लि. सानन्द अहमदाबाद गुजरात में 15, हायर अप्लायंसेज इंडिया लि. रंजनगांव पुणे में 18, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा में 19, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ में 8, सिटी कार प्रा.लि. सतना में 29, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा में 28, फ्रिडम इम्प्लायबिल्टी एकेडमी रीवा में 12, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड रीवा में 45, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा में 27, बजाज ऑटो लि. पूणे वालुज पंतनगर, रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (सोलर) जामनगर गुजरात में 12, एमआरएफ लिमिटेड दहेज में 16, इंडुरेंश प्रा. लि. पूणे चेन्नई औरगांबाद में 17, डी मार्ट पूणे में 14, इंडसिंड बैंक बीएफएलएल में 05, एक्सिस बैंक प्रा.लि. में 30, बंसल वायर इंडस्ट्रीज लि. ग्रेटर में 11, जेबीएम ग्रीन एनर्जी सिस्टम प्रा.लि. बाबल हरियाणा में 10, एचडीबी फाइनेन्स रीवा में 28, मदर्सन मेट आटो मोटिव लि. सानन्द गुजरात में 21, श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लि. पथरेडी राजस्थान में 24 तथा नोवेशन इंडिया में 8 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## निर्वाचन आयोग द्वारा की गई एसआईआर की समीक्षा




रीवा। भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक शुभ्रा सक्सेना और सचिव विनोद कुमार ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलेवार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की जिलेवार समीक्षा की। अधिकारियों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया की प्रगति का मूल्यांकन किया और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा हो जाए। उन्होंने मतदाताओं के शत-प्रतिशत सत्यापन और मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों, स्थाई रूप से पलायन करने वाले और डुप्लीकेट नामों को हटाने पर ज़ोर दिया। निदेशक द्वारा पुनरीक्षण से जुड़े अधिकारियों को त्रुटिरहित और पारदर्शी मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्रेअ ट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी तथा एसडीएम उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर ने एसआईआर कार्य का लिया जायजा



मऊगंज

*भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने सघन निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे घर-घर सत्यापन, गणना प्रपत्रों के संग्रहण की प्रक्रिया का मौके पर जाकर जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सत्यापन से वंचित न रहे और किसी भी मृत या स्थानांतरित मतदाता का नाम सूची में न रहे। उन्होंने मतदान केंद्रों, आवासीय कॉलोनियों और दूरदराज के गांवों का दौरा किया और बीएलओ तथा सुपरवाइजरों से प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे गणना प्रपत्रों को शीघ्रता संकलित कर उनकी ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित करें। मतदाता सूची के शुद्धिकरण के इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न करें अन्यथा दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर विशेष जोर दिया।*

# तिवरिगवा मनबोध सिंह में वित्तीय साक्षरता का दिया गया प्रशिक्षण

मऊगंज। जिले की ग्राम पंचायत तिवरिगवा मनबोध सिंह के सचिव रामलाल साकेत द्वारा ग्राम पंचायत में वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच कौशल प्रसाद कुशवाहा ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनता का अभिवादन कर सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और कहा की हर व्यक्ति को वित्तीय साक्षरता की जानकारी होना बहुत आवश्यक है क्योंकि पैसा होने के बावजूद लोगों को मालूम नहीं रहता यह पैसा किस स्थान पर उपयोग किया जाए इसलिए हर योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी जैसे बैंक में खाता के महत्व के बारे में बताया गया खाता इसलिए आवश्यक है क्योंकि कोई भी शासकीय पैसा डायरेक्ट हितग्राही के खाते में ही जाता है इसलिए बैंक में खाता होना बहुत आवश्यक है इसी तरह से खाता में नाम ही नहीं केवाईसी मोबाइल नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गई कि आपका खाता पूरी तरह से अप टू डेट रहना चाहिए ताकि हमारे ना रहने पर भी हमारे परिवार को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े जैसे सरकार द्वारा जन सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है परंतु बहुत ऐसे गरीब परिवार हैं कि उनका बीमा नहीं रहता और जब उनकी मृत्यु हो जाती है तो उनके परिवार को कोई आर्थिक मदद नहीं मिल पाती इसीलिए सरकार द्वारा गांव में कैंप लगवाया जा रहा है ताकि लोगों को योजनाओं की जानकारी मिल जाए जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा 18 वर्ष से 70 वर्ष के बीच हर महिला पुरुष अपने खाते से कर सकते हो जिसमें साल में मात्र एक बार 20 खाते से कटता है और 2 लाख का दुर्घटना बीमा हो जाता है यदि हमारे 20 से हमारे ना रहने पर यदि परिवार को 200000 मिल जाए तो यह गरीब परिवार के लिए बहुत बड़ी मदद है इसी तरह से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच के हर महिला पुरुष अपने खाते से बीमा कर सकते हैं साल भर में मात्र 436 रुपए लगते हैं और किसी भी तरह की मृत्यु होने पर नॉमिनी को 200000 बैंक के माध्यम से दिया जाते हैं जो कि गरीबों के लिए एक बहुत बड़ी मदद होगी अटल पेंशन योजना जिसको की बुढ़ापे की लाठी कहा जाता है आदमी 60 वर्ष के हो जाते हैं और



वर्तमान में शासकीय नौकरी में भी पेंशन नहीं मिलती और फिर हो कर्मचारी पूरी तरह से दूसरे के आश्रित हो जाते हैं इसलिए जिनकी उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच है अपने-अपने खाते से अवश्य कर ले 60 वर्ष तक पैसा देना होगा इसके बाद जीवन पर्यंत पेंशन के रूप में मिलेगी इसके बाद नॉमिनी को और पति-पत्नी दोनों की मृत्यु के पश्चात बच्चों को 850000 बैंक के माध्यम से नगद दिए जाएंगे जो की बहुत बड़ी रकम होगी इसी तरह से मऊगंज जिले में यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खुला हुआ है यहां पर गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन यापन करने वाले परिवारों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है जैसे ब्यूटी पार्लर कढ़ाई बुनाई सिलाई इत्यादि यह पूरी तरह से फ्री है यहां तक की चाय नाश्ता भोजन भी शासन की तरफ से दिया जाता है एजुकेशन लोन जिन छात्र एवं छात्राओं का कक्षा 12 में 85% से ऊपर रिजल्ट है और उनके माता-पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर है ऐसे छात्रों को चार लाख 50000 बैंक से दिए जाते हैं उसे पैसे का उपयोग पढ़ाई में करें और आत्मनिर्भर होने पर बैंक का पैसा धीरे-धीरे करके चुकता करें बहुत ऐसे कहते हैं जिनमें 10 वर्ष तक लेनदेन होने की वजह से वह पैसा आरबीआई को चला गया था यदि आपकी जानकारी में ऐसी कोई हितग्राही है तो उन्हें सूचित किया जाए कि अपने संबंधी बैंक में आवेदन देकर वह पैसा वापस ले सकते हैं जो आरबीआई को चला गया था इससे भी काफी लोग लाभान्वित होंगे वर्तमान में साइबर फ्रॉड की बहुत घटनाएं हो रही हैं कहीं बैंक के कर्मचारी बनकर तो कहीं जिला पंचायत कर्मचारी वन के लोग बात करते हैं इसलिए कोई अजनबी व्यक्ति फोन करके आपकी गोपनीय जानकारी या ओटीपी मांगता है उसे कतई ना दें आप जितना ही सावधान रहेंगे उतना ही सुरक्षित रहेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत के सरपंच श्री कुशवाहा ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत में जो आज वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई इससे हमारे गांव के बहुत सारे हितग्राही लाभान्वित होंगे क्योंकि अभी तक इन योजनाओं की जानकारी नहीं थी इसलिए हम सभी हितग्राहियों को गांव-गांव में जाकर बताएंगे ताकि अधिक सटीक लोग लाभ ले कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत की रोजगार सहायक रिमिता कुशवाहा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता कुशवाहा ज्योतिमा सिंह सुनीता तिवारी मनोरमा तिवारी सहायिका शशि कला कुशवाहा शिव कुमारी साकेत आशा कार्यकर्ता सरोज साकेत सरिता तिवारी रानी सिंह ग्राम पंचायत के चौकीदार रामटहल सोंधिया हितग्राहियों में रामवती साकेत राजकुमारी साकेत शशिकला तिवारी रेखा कुशवाहा चंद्रवती शहित कई अन्य हितग्राही उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के सरपंच कौशल प्रसाद कुशवाहा ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों एवं ग्राम पंचायत की जनता का आभार प्रकट किया।